मुद्रित पृष्ठों की संख्या:12

अनुक्रमांक............

नाम ......

**936** **830(DS)**

**2026**

# चित्रकला

**समय: तीन घण्टे 15 मिनट।** **| पूर्णांक: 70**

**नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।**

**सामान्य निर्देश :**

**i) मुखपृष्ठ (Cover page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर-पत्र के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए तथा केन्द्र व्यवस्थापक की हस्ताक्षर युक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन पर कक्ष निरीक्षक से भी हस्ताक्षर करवाएँ।**

**ii) प्रश्नपत्र क, ख और ग तीन खण्डों में विभक्त है। तीनों खण्डों को हल करना अनिवार्य है।**

**iii) खण्ड क में आलेखन कला तथा प्राविधिक कला के प्रत्येक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें से किसी एक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर अंकित करने हैं।**

**iv) ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर उत्तर अंकित किए जाने के पश्चात उसे काटें नहीं तथा इरेजर, ह्वाइटनर आदि का प्रयोग न करें।**

**v) खण्ड - ख के प्राकृतिक दृश्य चित्रण अथवा आलेखन अथवा प्राविधिक कला में से केवल एक का चित्रण करना है।**

**vi) खण्ड ग में स्मृति चित्रण के प्रश्न दिये गये हैं।**

## खण्ड क

**निर्देश : i) इस खण्ड में 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक कला' के प्रत्येक के बीस**

modelpaper.info

(20) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से किसी एक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

ii) आपके द्वारा 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक कला' में से जिस भाग का चयन किया गया हो उसके उत्तर ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर अंकित करें।

(आलेखन)

A. प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के चार विकल्प हैं। इनमें से सही उत्तर चुनिए और सही क्रम में अपने ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर अंकित करें: 20×1=20

1. सफेद का विरोधी रंग कौन-सा है?
(A) नीला (B) काला (C) लाल (D) पीला

2. इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं?
(A) पाँच (B) चार (C) सात (D) नौ

3. ओस्टवाल्ड कलर चार्ट में कितने रंग होते हैं?
(A) सात (B) आठ (C) नौ (D) छः

4. प्राथमिक अथवा मुख्य रंग कौन-कौन से हैं?
(A) हरा, नीला, पीला (B) लाल, नीला, पीला
(C) काला, सफेद, भूरा (D) नारंगी, हरा, नीला

5. निम्न में से शीतल रंग कौन-सा है?
(A) हरा (B) लाल (C) नारंगी (D) पीला

6. रंगों का कौन-सा माध्यम पारदर्शी होता है?
(A) पोस्टर रंग (B) जलरंग (C) पेस्टल रंग (D) तैल रंग

7. भारत का राष्ट्रीय पुष्प कौन-सा है?
(A) गुलाब (B) चमेली (C) कमल (D) गेंदा

8. कमरे की छत हेतु कौन-सा आलेखन उपयुक्त होगा?
(A) कोने का आलेखन (B) केन्द्रीय आलेखन
(C) किनारी का आलेखन (D) इनमें से कोई नहीं

9. गरम रंग कौन-सा है?
(A) लाल (B) नीला (C) हरा (D) धानी

modelpaper.info

10. नीले में पीला रंग मिलाने से कौन-सा रंग बनेगा?

(A) नारगी (B) हरा (C) बैंगनी (D) भूरा

11. नीला रंग नेत्रों पर कौन-सा प्रभाव डालता है?

(A) ठण्डा (B) सामान्य

(C) गर्म (D) इनमें से कोई नहीं

12. किस नम्बर की पेंसिल से खींची गई रेखा गहरी होती है?

(A) HB (B) H (C) 2B (D) 2H

13. लाल-नीला रंग मिलाने से कौन-सा रंग बनता है?

(A) नारंगी (B) बैंगनी

(C) भूरा (D) हरा

14. सबसे महीन ब्रश निम्न में से कौन-सा है?

(A) 6 नं० (B) 1 नं० (C) 4 नं० (D) 2 नं०

15. तटस्थ रंग कौन-सा है?

(A) काला तथा सफेद (B) लाल तथा पीला

(C) हरा तथा नीला (D) नारंगी तथा बैंगनी

16. कौन-सा आकार आलेखन के लिए उपयुक्त नहीं है?

(A) वर्ग (B) त्रिभुज

(C) वृत्त (D) कोण

17. द्वितीयक रंग कितने होते हैं?

(A) 6 (B) 3 (C) 2 (D) 8

18. किस नम्बर की पेंसिल से खींची गई रेखा हल्की होती है?

(A) HB (B) 4H (C) 2B (D) 2H

19. पीले रंग में लाल रंग मिलाने से कौन-सा रंग बनता है?

(A) धानी (B) बैंगनी

(C) आसमानी (D) नारंगी

20. 'कला' शब्द किस भाषा से लिया गया है?

(A) हिन्दी (B) पाली (C) संस्कृत (D) उर्दू

modelpaper.info

अथवा / OR

(प्राविधिक कला)

**B.** प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के चार विकल्प हैं। इनमें से सही उत्तर चुनिए और सही क्रम में बाद ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें: 20×1=20

1. वृत्त का आकार कैसा होता है?

(A) O (B) Δ (C) ▭ (D) इनमें से कोई नहीं

2. एक मीटर में कितने सेंटीमीटर होते हैं?

(A) 100 (B) 1000 (C) 10 (D) 10000

3. सम्पूर्ण कोण होता है

(A) 60° (B) 45° (C) 360° (D) 90°

4. एक मीटर में कितने डेसीमीटर होते हैं?

(A) 40 (B) 20 (C) 10 (D) 50

5. वर्ग की चारों भुजाओं की माप क्या होती है?

(A) बड़ी और छोटी (B) चारों भुजाएँ बराबर हैं

(C) आमने-सामने की भुजा बराबर हैं (D) इनमें से कोई नहीं

6. निम्न में से कौन-सा आकार त्रिभुजाकार है?

(A) O (B) Δ

(C) ▭ (D) इनमें से कोई नहीं

7. निम्न में से कौन-सा आकार आयताकार है?

(A) O (B) Δ (C) ▭ (D) ▯

8. रेखा किसे कहते हैं?

(A) तीन बिन्दुओं के बीच की दूरी (B) सरल रेखा

(C) दो बिन्दुओं के बीच की दूरी (D) इनमें से कोई नहीं

9. 180° के कोण को क्या कहते हैं?

(A) अधिक कोण (B) सरल कोण

(C) समबाहु कोण (D) इनमें से कोई नहीं

modelpaper.info

10. समकोण कितने अंश का होता है?

(A) 90° (B) 45° (C) 60° (D) 120°

11. आयत का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है?

(A) 60° (B) 30° (C) 45° (D) 90°

12. यदि एक अर्धवृत्त में एक कोण 90° का है, तो दूसरा कोण कितने डिग्री का होगा?

(A) 60° (B) 90° (C) 40° (D) 30°

13. समानान्तर रेखा किन्हें कहते हैं?

(A) दो सीधी रेखाएँ जो आपस में न मिलें

(B) दो सीधी रेखाएँ जो आपस में मिलें

(C) टेढ़ी-मेढ़ी रेखा

(D) सीधी रेखा

14. एक वर्ग के आन्तरिक कोणों का योग होता है

(A) 180° (B) 360° (C) 270° (D) 320°

15. समबाहु त्रिभुज कौन-सा है?

(A) O (B) Δ (C)  (D) 

16. त्रिज्या किसमें पाई जाती है?

(A) वृत्त (B) वर्ग (C) त्रिभुज (D) चतुर्भुज

17. एक त्रिभुज का क्षेत्रफल उसके आधार और ऊँचाई के गुणनफल का कितना भाग होता है?

(A) समान (B) आधा (C) दुगुना (D) चौथाई

18. किसी भी सममिति दृश्य में एक साथ कितनी विमाएँ मिलती हैं?

(A) 4 (B) 3 (C) 1 (D) 2

19. सममिति चित्र बनाने से पूर्व कौन-सी रेखा पहले खींचते हैं?

(A) आधार रेखा. (B) लम्ब रेखा

(C) 45° की रेखा (D) 30°की रेखा

modelpaper.info

20. त्रिभुजाकार प्रिज्म के कितने पार्श्व (फलक) होते हैं?

(A) 4 (B) 3 (C) 2 (D) 5

## खण्ड – ख

**निर्देश:** इस खण्ड में 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' अथवा 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक कला' में से केवल एक का ही चित्रण करना है।

### (प्राकृतिक दृश्य चित्रण)

A. दिये गये ड्राइंग शीट पर 20 सेमी 25 सेमी के आयत में एक ग्रामीण सूर्योदय का दृश्य चित्रण कीजिए। एक गाँव का दृश्य, कुछ झोपड़ियाँ, पेड़ तथा पौधे, पानी से सुराही भर कर घर की ओर जाती महिला दर्शाइए। चित्रांकन में जलरंग अथवा पेस्टल रंग का प्रयोग करें।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए : 10

क) सही रेखांकन एवं परिप्रेक्ष्य 5

ख) उपयुक्त संयोजन 10

ग) सुसंगत रंगों का चयन एवं उपयोग 5

घ) आकर्षण एवं सामान्य प्रभाव 5

अथवा

### (आलेखन)

B. दिए गए ड्राइंग शीट पर 20 सेमी x 16 सेमी के आयत में मेजपोश के लिए एक इकाई वाला आलेखन बराइए जिसमें किसी भारतीय फूल, पत्ती एवं कलियों का आकर्षक संयोजन हो, और रंग योजना उत्तम हो। आलेखन में कम के कम तीन उत्तम रंग संगति का प्रयोग कीजिए।

आलेखन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए:

क) इकाई की मौलिकता 10

ख) लयात्मक रेखांकन 5

ग) उत्तम रंग संगति 10

घ) सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण 5

modelpaper.info

अथवा / (प्राविधिक कला)

C. सूचना: i) निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए।

ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

iii) प्रत्येक उत्तर की रचना में निर्दिष्ट रेखायें, रचनात्मक रेखायें एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट हों। रचना की रचनात्मक रेखाओं को न मिटायें।

iv) रफ कार्य अलग श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए। 3×10=30

अ) एक समान्तर चतुर्भुज के कोण को शीर्ष से रेखाएँ खींचकर तीन समान भागों में बाँटिए

ब) एक आयत अब स द की रचना कीजिए जिसका क्षेत्रफल 15 वर्ग सेमी है। इस आयत के क्षेत्रफल के बराबर एक वर्ग की रचना कीजिए

स) 6 सेमी भुजा के वर्ग में एक ज्यामितीय आलेखन की रचना कीजिए, जो कि त्रिभुज, वर्ग और रेखाओं पर आधारित हो।

द) एक त्रिभुज क ख ग की रचना कीजिए, जिसका परिमाप 12 सेमी है तथा भुजाओं का अनुपात 3:4:5 है।

य) 5 सेमी भुजा वाले समषट्भुज की रचना कीजिए।

e) Construct a regular hexagon with its sides equal to 5 cm.

खण्ड - ग ( स्मृति चित्रण)

प्रश्न के दो भाग क तथा ख हैं। दोनों ही भागों के चित्र बनाना अनिवार्य है। 2×10=20

निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति चित्रण बनाइए। चित्र की माप 15 सेमी से कम न हो। चित्र पेंसिल से बनाएँ।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें :

i) रेखा सौष्ठव 4

ii) आकृति की अनुरूपता 6

a) सुराही b) लालटेन

c) बाल्टी तथा मग d) टेबुल लैम्प ।

modelpaper.info

ख) निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति चित्रण बनाइए। चित्र की माप 15 सेमी से कम न हो। चित्र पेंसिल से बनाएँ।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें :

i) रेखा सौष्ठव 4

ii) आकृति की अनुरूपता 6

a) पत्तियों सहित आम b) शलजम पत्तियों सहित

c) पपीता d) दो टमाटर।

modelpaper.info